आईआईएफएल फाइनेंस 15000 ग्राहकों को राखी बांधेगा

एजेंसी/नवज्योति, मुंबई

राखी एक भाई से अपनी बहन की सुरक्षा का वादा है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सुरक्षा केवल शारीरिक सुरक्षा के बारे में नहीं है? भारत की सबसे बड़ी गैर-बैंकिंग वित्त कंपनियों में से एक, आईआईएफएल फाइनेंस ने राखी को पारिवारिक स्वास्थ्य और उनके सपनों के संरक्षण का प्रतीक बताते हुए एक नया अर्थ दिया है।

आईआईएफएल फाइनेंस ने अपने परिवार के लिए म्यूचुअल फंड एसआईपी में निवेश करके पैसे बढ़ाने और जरूरत के समय में पैसे बचाने के लिए हेल्थ इंश्योरेंस प्लान लेने के लिए अभियान एक राखी ऐसी भी शुरू किया है। कोई भी देश भर में आईआईएफएल शाखा में जा सकता है और अपने परिवार के भविष्य के आश्वासन के साथ बाहर निकल सकता है। दिलचस्प बात यह है कि जो लोग इस जिम्मेदार कदम को उठाते हैं, आईआईएफएल स्टाफ उन्हें प्रतीक के रूप में राखी बांधता है। इसके अलावा, वे ग्राहकों को अपने निवेश पर सुरक्षा कार्ड के जरिये नजर रखने के बारे में भी सलाह देते हैं। सौरभ कुमार, बिजनेस हैड - गोल्ड लोन, ने कहा कि जब भी कोई निवेश करता है, तो वह पैसों की खातिर नहीं, बल्कि पारिवारिक स्वास्थ्य, भविष्य या सपनों से जुड़ी किसी चीज के लिए होता है। राखी के प्रतीकात्मक बांधने के माध्यम से, हम लक्ष्यों के लिए निवेश की जागरूकता पैदा कर रहे हैं।